web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 18

# नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस की 21 बोगियां हुई बेपटरी, हादसे में 4 लोगों की मौत

**बक्सर** । आरएनएस



बिहार के बक्सर में बड़ा रेल हादसा हुआ है. बक्सर के रघुनाथपुर में नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस (गाड़ी नंबर 12506) की 21 बोगियां बेपटरी हो गईं. इस हादसे में चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. कई यात्री जख्मी हैं. रेलवे ने बताया कि राहत बचाव कार्य जारी है. मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी है.

घटना का वीडियो भी सामने आया है. जहां यात्रियों के अफरातफरी मची हुई देखी जा सकती है. पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी बीरेंद्र कुमार ने कहा कि दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन से असम के कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कई डिब्बे रात करीब 9 बजकर 35 मिनट पर बक्सर जिले के रघुनाथपुर स्टेशन के पास पटरी से उतर गए.

रेलवे पुलिस बल के निरीक्षक दीपक कुमार ने कहा कि चिकित्सकीय दल घटनास्थल पर मौजूद हैं. उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने बक्सर शहर के अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया है.

हादसे को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि ट्रेन के पटरी से उतर जाने की सूचना प्राप्त होते ही संबंधित जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से बात की. उन्होंने कहा कि बिहार सरकार तत्परता से पीड़ितों व घायलों के बचाव, राहत एवं उपचार कार्यों में जुटी है.

वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि ट्रेन के पटरी से उतरने की खबर मिली. हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं और स्थानीय अधिकारियों और अन्य एजेंसियों से संपर्क स्थापित कर रहे हैं.

रेलवे से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दानापुर मंडल के रघुनाथपुर स्टेशन के निकट आज 21.35 बजे आनंद विहार टर्मिनल से चलकर कामाख्या जाने वाली गाड़ी संख्या 12506 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतर गए. हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं. पटना के लिए 9771449971, दानापुर के लिए 8905697493, आरा के लिए 8306182542 और कंट्रोल रूम के लिए 7759070004 नंबर हैं.

दिल्ली से असम जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन (गाड़ी नंबर 12506) पटरी से उतर गई. हादसे का शिकार हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया.

**कामाख्या रेलवे स्टेशन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर-** कामाख्या रेलवे स्टेशन के स्टेशन सुपरिटेंडेंट एके सिन्हा ने कहा है कि कामाख्या रेलवे स्टेशन के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जो 0361-267-4857 है. हर तरह की जानकारी इस हेल्पलाइन नंबर पर उपलब्ध रहेगी. दिल्ली से असम के गुवाहाटी जा रही कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस बुधवार रात हादसे का शिकार हो गई.

**बिहार बीजेपी अध्यक्ष ने हादसे पर जताया दुख-** बिहार बीजेपी अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर दुख जताया है. उन्होंने कहा कि ये बेहद ही दुखी करने वाली खबर है. रेलवे बचाव अभियान चला रहा है, बीजेपी के केंद्रीय मंत्री और पार्टी कार्यकर्ता बचाव अभियान में मदद के लिए वहां मौजूद हैं. हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि सभी सुरक्षित हों

**हादसे वाली जगह का केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने किया निरीक्षण-** बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर में कल रात कामाख्या-बाउंड नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई. ट्रेन के 21 डिब्बे पटरी से उतर गए. केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने हादसे वाली जगह का दौरा किया है. उन्होंने परिचालन बहाली कार्य और बचाव कार्यों का निरीक्षण किया.

**राहत-बचाव कार्य में लोगों का सहयोग सराहनीय: केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे-** नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि यहां भयावह दृश्य है. यहां की जनता ने जिस प्रकार से राहत बचाव कार्य में सहयोग किया वह सराहनीय है. यहां के लोगों ने हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं, जिलाअध्यक्ष को जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मैंने रेल मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री के कार्यलय तक जानकारी दी. राहत बचाव कार्य शुरू हो गया है. आसपास के अस्पतालों को जानकारी दी गई. रेवले की टीम आ चुकी है, हम परिचालन की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे हैं. जांच पड़ताल चल रही है

**नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन हादसे पर रखी जा रही नजर: सीएम हिमंत बिस्वा सरमा-** नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर लिखा, मुझे आनंद विहार से कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस 12506 के पटरी से उतरने की खबर मिली है. हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं और स्थानीय अधिकारियों और अन्य एजेंसियों के साथ संपर्क स्थापित कर रहे हैं. वहीं, असम सीएम के कार्यालय ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय रघुनाथपुर में ट्रेन संख्या 12506 के दुर्भाग्यपूर्ण पटरी से उतरने की घटना पर बारीकी से नजर रख रहा है और वह बक्सर के जिला अधिकारियों और अन्य एजेंसियों के संपर्क में है.

**21 बोगियां हुई बेपटरी-** नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना पर ईसीआर (ईस्ट सेंट्रल रेलवे) के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने कहा कि 4 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. बचाव अभियान जारी है. 21 डिब्बे पटरी से उतरे हैं. अभी हमारी प्राथमिकता चिकित्सा सहायता देना है. जो यात्री हैं उन्हें गंतव्य तक पहुंचाना. ट्रैक बहाली का काम जारी है.

**मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख, मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा-** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस के बक्सर जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई दुर्घटना में 4 लोगों की मृत्यु पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना में घायल सभी यात्रियों का राज्य सरकार अपने तरफ से इलाज करायेगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोझिकोड एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी के मामले में सीआईएसएफ अधिकारी निलंबित

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** कोझिकोड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी करने के मामले में गुरुवार को सीआईएसएफ के एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया। इसमें कथित तौर पर एयरपोर्ट का टॉप अधिकारी शामिल है। निलंबित असिस्टेंट कमांडेंट नवीन कुमार, एयरपोर्ट के अंदर काम करने वाले एक कस्टम अधिकारी के साथ केरल पुलिस के रडार पर थे। मलप्पुरम एसपी एस. सुजीत दास के नेतृत्व में स्पेशल पुलिस टीम एयरपोर्ट से बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी पर बारीकी से निगरानी कर रही है। इस बात की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त सबूत इकट्ठा करने के बाद कि गिरोह ने लगभग 60 बार सोने की तस्करी की है, पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी। जांच से पता चला कि रफीक नाम के कोझिकोड निवासी के तस्करी रैकेट की पहुंच सीमा शुल्क अधिकारियों के ड्यूटी रोस्टर तक भी थी। जांच टीम को यह भी पता चला है कि गिरोह एक बंद यूजर ग्रुप सिम का इस्तेमाल कर रहा था। पहले भी केरल पुलिस ने तस्करों की मदद करने वाले अधिकारियों को हिरासत में लिया था।

### वित्त मंत्रालय ने किया स्पष्ट, गंगाजल और पूजा सामग्री पर कोई जीएसटी नहीं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** त्योहारों का मौसम करीब है, ऐसे में वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को साफ किया कि गंगाजल जीएसटी से मुक्त रहेगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा जारी एक स्पष्टीकरण में बताया गया कि गंगाजल (पवित्र गंगा नदी का पानी) और पूजा सामग्री (वस्तुएं) को जीएसटी की छूट दी गई है। सीबीआईसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुछ मीडिया रिपोर्टों के बाद गंगाजल पर जीएसटी लागू करने को लेकर स्पष्टीकरण की जरूरत महसूस की गई थी। इसने कहा, 2017 में आयोजित जीएसटी परिषद की 14वीं और 15वीं बैठक में पूजा सामग्री पर जीएसटी पर विस्तार से चर्चा की गई और उन्हें छूट सूची में रखने का निर्णय लिया गया। इसलिए, जीएसटी की शुरूआत के बाद से इन सभी वस्तुओं को छूट दी गई है।

### राज्यपाल अब महामहिम नहीं, माननीय कहलाएंगे, आदेश जारी

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के राज्यपाल को अब न 'महामहिम' कहकर बुलाया जाएगा और ना ही महामहिम लिखा जाएगा। अब बिहार राज्यपाल 'माननीय' कहे जाएंगे। राज्यपाल सचिवालय ने महामहिम शब्द को बदल दिया है, इसके स्थान पर माननीय लिखा जाएगा। राजभवन सचिवालय से जारी आदेश में कहा गया है कि राज्यान्तर्गत सभी प्रकार के कार्यक्रमों के लिए महामहिम के स्थान पर माननीय का प्रयोग किया जाएगा। आदेश में आगे लिखा गया है कि माननीय राज्यपाल महोदय के नाम के आगे 'श्री' अथवा 'श्रीमती' का प्रयोग किया जाएगा।

# बच्ची को पढ़ाते समय टीचर ने मारे 35 थप्पड़, वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरत (आरएनएस)।** एक प्राइवेट स्कूल की महिला शिक्षक को पूर्व प्राथमिक में पढऩे वाली 4 साल की बच्ची को पीटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामला गुजरात के सूरत का है। परिजनों का आरोप है कि शिक्षिका ने बच्ची को पढ़ाते समय 35 थप्पड़ मार दिए।

घटना सूरत के कापोद्रा के कारगिल चौक स्थित साधना निकेतन स्कूल का है। यह पूरी घटना क्लासरूम में लगे सीसीटीवी मैं कैद हो गई। राज्य के शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल पंसेरिया ने बच्ची के साथ दुर्व्यवहार की निंदा की है और जिला शिक्षा अधिकारी से घटना की जांच करने के लिए कहा है।

मामला तब सामने आया जब लडक़ी के माता-पिता ने मीडिया के साथ सीसीटीवी फुटेज शेयर किया। इसमें शिक्षिका सोमवार को क्लासरूम में किसी कारण से उनकी बेटी को बार-बार पीठ पर मारती और उसे थप्पड़ लगाती हुई दिखाई दे रही हैं। सहायक पुलिस आयुक्त विपुल पटेल ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर शिक्षिका जशोदाबेन खोखरिया को भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# बाटला हाउस एनकाउंटर में बड़ा फैसला : दोषी आरिज खान को नहीं होगी फांसी, हाईकोर्ट ने सजा को आजीवन कारावास में बदला



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बाटला हाउस एनकाउंटर मामले में दोषी आरिज खान को मौत की सजा नहीं मिलेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने दोषी आरिज खान को मौत की सजा देने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने आरिज खान की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है। इस मुठभेड़ में दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की जान चली गई थी। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने 2008 के बटला हाउस मुठभेड़ मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद आरिज खान को दी गई मौत की सजा की पुष्टि पर शुक्रवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

बता दें, 19 सितंबर 2008 को ओखला क्षेत्र में जामिया नगर के बाटला हाउस इलाके में यह एनकाउंटर हुआ था। इस इनकाउंटर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अंजाम दिया था। दरअसल, 13 सितंबर 2008 को दिल्ली में पांच जगहों पर धमाके हुए। इन सीरियल ब्लास्ट में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इन धमाकों से जुड़े आतंकवादियों के संबंध में खुफिया जानकारी मिलने पर दिल्ली पुलिस ने बाटला हाउस में रेड की थी।

इंडियन मुजाहिद्दीन का प्रमुख आतंकवादी आतिफ अमीन साल 2009 में जामा मस्जिद के गेट के पास हुए एनकाउंटर में मारा गया, जिससे आतंकवादी संगठन को भारी नुकसान हुआ। क्योंकि आतिफ अमीन 2008 के दिल्ली सीरियल ब्लास्ट, अहमदाबाद, जयपुर, सूरत और फैजाबाद में हुई आतंकी घटनाओं में शामिल रहा था।

जब दिल्ली पुलिस ने बाटला हाउस के उस घर में दस्तक दी, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे तो एनकाउंटर शुरू हो गया। इस एनकाउंटर में दो आतंकवादी मारे गए और दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा भी शहीद हो गए। अन्य आतंकवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# नीट-पीजी कट ऑफ को शून्य करने पर केंद्र सरकार को हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) के नीट पीजी क्वालीफाइंग परसेंटाइल को शून्य करने के हालिया फैसले के संबंध में केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस फैसले को हुबली के वकील डॉ. विनोद कुलकर्णी ने चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, एमसीसी और अन्य को नोटिस जारी किया।

एक आश्चर्यजनक घोषणा में, नीट पीजी परीक्षा के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा के लिए स्नातकोत्तर सीटें आवंटित करने के लिए जिम्मेदार एमसीसी ने कहा कि इस वर्ष खाली सीटों के लिए पात्रता शून्य प्रतिशत होगी। यह पहली बार है कि 2017 में अन्य सभी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की जगह लेने के बाद से पात्रता कट-ऑफ को पूरी तरह से हटा दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि दो दौर की काउंसलिंग के बाद भी देश भर के मेडिकल कॉलेजों में 13,000 से अधिक सीटें वर्तमान में खाली हैं।

याचिकाकर्ता ने बताया कि 10 वर्षों तक नीट पीजी परीक्षा के लिए कट-ऑफ प्रतिशत 50 प्रतिशत था। याचिका में कहा गया, न्यूनतम 50 प्रतिशत को खत्म करने के बारे में अधिसूचना 20 सितंबर, 2023 को प्रकाशित की गई थी। एमसीसी के आदेश के बाद, कोई भी छात्र जिसने नीट पीजी में भाग लिया था, उसे अपनी पसंद की सीट मिल सकती है। यदि यह परिणाम है, तो देश डॉक्टर पैदा करने वाली फैक्ट्री बन जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार दोहराया है कि पीजी प्रवेश के लिए योग्यता मानदंड होना चाहिए। नया आदेश निजी मेडिकल कॉलेजों को और अधिक पैरवी करने में सक्षम बनाता है,

याचिकाकर्ता ने प्रस्तुत किया था कि इस संबंध में एमसीसी द्वारा दिए गए आदेश को वापस लेने का निर्देश दिया जाना चाहिए और पहले के 50 प्रतिशत कट-ऑफ अंक के अनुसार भी निर्देश दिए जाने चाहिए, जहां एक उम्मीदवार के लिए नीट पीजी परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

# वैन और कार के बीच भीषण टक्कर, 12 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के खैरपुर जिले में एक सडक़ दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिले के उपायुक्त अहमद फवाद शाह ने मीडिया को बताया कि खैरपुर के बाबरलोई बाईपास इलाके के पास एक यात्री वैन और कार की आपस में टक्कर हो गई, जिससे सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और शवों और घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया।

अधिकारी ने बताया कि घायलों में से पांच ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिससे मरने वालों की संख्या बढक़र 12 हो गई। अधिकारी ने आशंका जताई कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि कुछ घायलों की हालत अब भी गंभीर है। अधिकारी के मुताबिक यात्री वैन सुक्कुर से खैरपुर की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रही कार से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई।

# दीवार गिरने से 2 बच्चों की दबकर मौत, मां गंभीर रूप से घायल

**पन्ना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत फरस्वाहा के ग्राम सुनहरा में दीवार गिरने से दो बच्चों की मलबे में दबकर दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि इस घटना में बच्चों की मां गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिसे इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ केंद्र अजयगढ़ में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दीवार के से लगे मुरुम खदान को खोदते समय दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई, जिससे सिवानी पिता रामप्रसाद अहिरवार उम्र 13 साल, शिवम पिता विनोद अहिरवार उम्र 11 साल और तुलसा सभी निवासी सुनहरा दीवार की चपेट में आ गए। जानकारी मिलते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए और तीनों को मलबे से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजयगढ लाया गया। जहां डॉक्टर के ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया जबकि महिला का इलाज जारी है। इधर घटना की सूचना मिलते ही बीरा चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि दीवार के बगल में पुरानी मुरुम की खदान थी जिससे दीवार गिराने के पहले ही गिर गई।

# इजराइल- हमास संघर्ष : गाजा में मरने वालों का आंकड़ा 1,200 के पार

**❐ विस्थापितों की संख्या बढ़कर हुई 338,934**



**गाजा ।** हमास के हमले के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी पर हवा, समुद्र और जमीन से भारी बमबारी जारी रखी है। इससे तटीय इलाके में मरने वालों की संख्या 1,200 के करीब पहुंच गई है, जबकि आंतरिक रूप से विस्थापितों की संख्या बढक़र 338,934 हो गई। इसमें केवल 24 घंटों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 24 घंटों में हवाई हमलों में कम से कम 51 लोग मारे गए और 281 अन्य घायल हो गए।

मंत्रालय ने कहा कि नए आंकड़ों से मरने वालों की कुल संख्या लगभग 1,200 हो गई है, जबकि घायल लोगों की संख्या 5,339 हो गई है, इनमें 1,217 बच्चे और 744 महिलाएं शामिल हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पत्रकारों को संबोधित करते हुए उप स्वास्थ्य मंत्री यूसुफ अबू अल-रिश ने कहा कि हमास-नियंत्रित क्षेत्र में सभी अस्पतालों के बिस्तर भर गए हैं और दवाएं खत्म होने वाली हैं।

अबू अल-रिश ने कहा कि मंत्रालय घायल और बीमार लोगों के लिए आपातकालीन सेवाएं जारी रखने के लिए जनरेटर की सीमित शक्ति का उपयोग कर रहा है, क्योंकि गाजा पट्टी के बिजली संयंत्र में ईंधन खत्म हो गया है और इजऱाइल द्वारा बिजली काट दी गई है। उन्होंने इजऱायली बलों पर अधिक से अधिक क्षति और विनाश करने का इरादा रखने का आरोप लगाते हुए कहा, कुछ पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे हैं। मंत्री ने स्थिति को आसन्न मानवीय आपदा बताया। उन्होंने कहा, गाजा की 600,000 से अधिक आबादी पानी से वंचित है, और पूरे अस्पताल पानी से वंचित हैं।

अपने नवीनतम स्थिति अपडेट में, मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि गाजा में कुल विस्थापित व्यक्तियों में से 218,597 या 65 प्रतिशत संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा संचालित 92 स्कूलों में शरण ले रहे थे। ओसीएचए ने कहा, घनी आबादी वाले इलाकों में कई आवासीय इमारतें, जिनमें गाजा उत्तर में अल करामा पड़ोस, साथ ही गाजा शहर में अल रिमल और अल नासेर शामिल हैं, को सबसे ज्यादा निशाना बनाया गया है, इससे बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे हताहत हुए हैं।

शत्रुता शुरू होने के बाद से, कम से कम 28 फ़िलिस्तीनी परिवारों के सभी सदस्य मारे गए हैं। गाजा के लोक निर्माण और आवास मंत्रालय के अनुसार, कम से कम 2,540 आवास इकाइयां नष्ट हो गई हैं, या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं और रहने लायक नहीं रह गई हैं, और अन्य 22,850 को मध्यम से मामूली क्षति हुई है। इस बीच, इजऱाइल स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजऱाइल में फ़िलिस्तीनियों द्वारा 1,200 से अधिक इजऱाइली और विदेशी नागरिकों की हत्या कर दी गई है।